भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2362**

**21 दिसम्बर, 2022 के लिए प्रश्न**

**मोटे अनाजों (मिलेट) के उत्पादन में वृद्धि**

**2362. श्री सत्यदेव पचौरी:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में मोटे अनाजों के उत्पादन में वृद्धि करने की योजना बनाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के लिए मोटे अनाजों के उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने खाद्य सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रमों के संचालन के लिए अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष के साथ सहयोग किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**
**(साध्वी निरंजन ज्योति)**

**(क) और (ख)**: सरकार ने मोटे अनाजों (मिलेट) के उत्पादन में वृद्धि करने की योजना तैयार की है तथा मोटे अनाजों के उत्पादन के लिए वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किए हैं। वर्ष 2022-23 के लिए पोषक अनाज (न्यूट्री-सीरियल्स) का फसल-वार, राज्य-वार और मौसम-वार लक्ष्य अनुबंध में संलग्न है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) कार्यक्रम के अंतर्गत, पोषक अनाज (न्यूट्री-सीरियल्स) के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए, 14 राज्यों के 212 जिलों में एनएफएसएम-पोषक अनाज (न्यूट्री-सीरियल्स) लागू किया जा रहा है। एनएफएसएम के अंतर्गत, बेहतर पैकेज पद्धतियों का सामूहिक (क्लस्टर) प्रदर्शन, फसल प्रणाली का प्रतिपादन, उच्च उत्पादकता वाली किस्में (एचवाईवी)/हाइब्रिड के बीजों का वितरण, उन्नत कृषि मशीनरी/स्रोत संरक्षण (रिसोर्स कंजर्वेशन) मशीनरी/उपकरण, कुशल जल अनुप्रयोग उपकरण, पौधा संरक्षण संबंधी उपाय, पोषक तत्व प्रबंधन/मृदा सुधारक, संसाधन (प्रोसेसिंग) एवं फसल कटाई के बाद इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण, किसानों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण पर आधारित फसल प्रणाली आदि जैसे हस्तक्षेपों के माध्यम से राज्य सरकारों द्वारा किसानों के लिए सहायता प्रदान की जाती है।

....2/-

यह मिशन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू)/कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) को भी सहायता प्रदान करता है ताकि संबंधित विषय के विशेषज्ञों /वैज्ञानिकों के पर्यवेक्षण में किसानों को प्रौद्योगिकीय समर्थन और तकनीक का हस्तातंरण किया जा सके। शोध संगठनों को शोध परियोजनाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि खाद्य फसल की उत्पादकता और उत्पादन को बढ़ाने में सहायता मिल सके।

संबंधित राज्यों की राज्य स्तरीय संस्वीकृति समिति (एसएलएससी) के अनुमोदन से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-कृषि और संबद्ध क्षेत्र के कायाकल्प के लिए लाभकारी दृष्टिकोण (आरकेवीवाई-रफ्तार) के अंतर्गत राज्य सरकारें भी मोटे अनाजों (मिलेट) की खेती को बढ़ावा दे सकती हैं।

**(ग):** जी नहीं।

*******

अनुबंध

**लोकसभा में दिनांक 21.12.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2362 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**वर्ष 2022-23 के लिए पोषक अनाज (न्यूट्री-सीरियल्स) का राज्य, फसल और मौसम-वार उत्पादन लक्ष्य**

**(उत्पादन लाख टन में)**

| क्र. सं. | राज्य | ज्वार | | | बाजरा | रागी | स्मॉल मिलेट्स | कुल पोषक अनाज (न्यूट्री-सीरियल्स) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | खरीफ | रबी | कुल | खरीफ | खरीफ | खरीफ | खरीफ | रबी | कुल |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 0.10 | 2.90 | 3.00 | 0.80 | 0.75 | 0.32 | 1.97 | 2.90 | 4.87 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | | | 0.00 | | | 0.30 | 0.30 | 0.00 | 0.30 |
| 3 | असम | | | 0.00 | | | 0.05 | 0.05 | 0.00 | 0.05 |
| 4 | बिहार | 0.10 | | 0.10 | 0.05 | 0.05 | 0.06 | 0.26 | 0.00 | 0.26 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 0.60 | | 0.60 | | | 0.50 | 1.10 | 0.00 | 1.10 |
| 6 | गुजरात | 0.80 | 0.30 | 1.10 | 11.20 | 0.25 | 0.06 | 12.31 | 0.30 | 12.61 |
| 7 | हरियाणा | 0.50 | | 0.50 | 9.00 | | | 9.50 | 0.00 | 9.50 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | | | 0.00 | | 0.02 | 0.06 | 0.08 | 0.00 | 0.08 |
| 9 | जम्मू व कश्मीर | | | 0.00 | 0.10 | 0.03 | 0.05 | 0.18 | 0.00 | 0.18 |
| 10 | झारखंड | 0.02 | | 0.02 | | 0.25 | 0.11 | 0.38 | 0.00 | 0.38 |
| 11 | कर्नाटक | 2.00 | 7.70 | 9.70 | 3.90 | 15.00 | 0.50 | 21.40 | 7.70 | 29.10 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 4.50 | | 4.50 | 7.34 | | 0.78 | 12.62 | 0.00 | 12.62 |
| 13 | महाराष्ट्र | 5.50 | 16.50 | 22.00 | 6.50 | 2.15 | 0.41 | 14.56 | 16.50 | 31.06 |
| 14 | मणिपुर | | | 0.00 | | | | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 15 | मेघालय | | | 0.00 | | | 0.03 | 0.03 | 0.00 | 0.03 |
| 16 | मिज़ोरम | | | 0.00 | | | | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 17 | नागालैंड | | | 0.00 | 0.01 | 0.05 | 0.11 | 0.17 | 0.00 | 0.17 |
| 18 | ओडिशा | 0.20 | | 0.20 | 0.02 | 0.50 | 0.20 | 0.92 | 0.00 | 0.92 |
| 19 | पंजाब | | | 0.00 | 0.01 | | | 0.01 | 0.00 | 0.01 |
| 20 | राजस्थान | 8.20 | | 8.20 | 50.00 | | 0.05 | 58.25 | 0.00 | 58.25 |
| 21 | सिक्किम | | | 0.00 | | | 0.05 | 0.05 | 0.00 | 0.05 |
| 22 | तमिलनाडु | 3.10 | 2.00 | 5.10 | 1.70 | 3.40 | 0.50 | 8.70 | 2.00 | 10.70 |
| 23 | तेलंगाना | 1.10 | 0.60 | 1.70 | 0.16 | 0.05 | 0.20 | 1.51 | 0.60 | 2.11 |
| 24 | त्रिपुरा | | | 0.00 | | | | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 25 | उत्तराखंड | | | 0.00 | | 1.70 | 0.90 | 2.60 | 0.00 | 2.60 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 3.20 | | 3.20 | 22.00 | | 0.11 | 25.31 | 0.00 | 25.31 |
| 27 | पश्चिम बंगाल | | | 0.00 | 0.01 | 0.40 | 0.05 | 0.46 | 0.00 | 0.46 |
| 28 | दमन व दीव | | | 0.00 | 0.01 | | | 0.01 | 0.00 | 0.01 |
| 29 | दिल्ली | 0.04 | | 0.04 | 0.05 | | | 0.09 | 0.00 | 0.09 |
| 30 | अन्य | 0.04 | | 0.04 | 0.14 | 0.40 | 1.60 | 2.18 | 0.00 | 2.18 |
| **अखिल भारत** | | 30.00 | 30.00 | 60.00 | 113.00 | **25.00** | 7.00 | 175.00 | 30.00 | **205.00** |

******